हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

5

जबलपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा डॉ. मरावी

भुआबिछिया। भाजपा बिछिया मंडल कार्यालय में गुरूवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। डॉ विजय आनंद मरावी ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस दुखद घटना में निर्दोष लोगों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है। केन्द्र सरकार कठोर निर्णय लेकर पाकिस्तान को सबक सिखाने के साथ आतंकवादी को कठोर दण्ड देने गंभीर प्रयास कर रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, वरिष्ठ नेता दान सिंह राजपूत ने घटना की कठोर निंदा करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और शांति एवं सहिष्णुता की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नरेश राजपूत ने किया। इस अवसर पर भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आज विचार गोष्ठी पर संवाद करेंगे मंत्री विजय शाह

मण्डला। आज 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को दोपहर 4 बजे से भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर पालिका के टाऊन हॉल में विचार गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जाना है जिसके अंतर्गत दीपोत्सव, माल्यार्पण, विचार गोष्ठी के साथ सम्पन्न किया जाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह जनजातीय कार्य विभाग की उपस्थिति रहेगी। जहां मंत्री द्वय के द्वारा विचार गोष्ठी पर संवाद करेंगे। इस दौरान भाजपा के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

वर-वधु को सांसद, विधायक सहित अन्य लोगों ने दी शुभकामनायें

दो सौ इकहत्तर जोड़ों ने लिये फेरे

*** मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास

प्रदेश सरकार की महत्वाकाँछी योजना मुख्यमंत्री सामुहिक कन्या विवाह का आयोजन निवास के स्टेडियम ग्राउंड में किया गया, जहाँ दो सौ इकहत्तर वर बधू को मुख्य अतिथि मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते एवं निवास विधायक चैन सिंह बरकड़े ने तिलक लगाकर वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कर वर बधू को उनचास हजार राशि के चेक प्रदान किये।

भव्य सजे पंडाल से वर पक्ष की बारात निकाली गई और नगर भ्रमण करते हुई खूब फटाखे फुलझड़ी आदि जलाकर बाराती विवाह स्थल पहुँचे जहाँ पंडितों ने हिन्दू परंपरा अनुसार मंत्रोच्चार से विवाह संपन्न कराया।

उक्त प्रशासनिक विवाह समारोह में भोजन पानी और गर्मी से राहत प्रदान करने पंडाल में कूलर पंखे आदि का इंतजाम रहा, ये बात अलग है कि इस सामुहिक कार्यक्रम में सभी को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल सकी,जो संभव भी नहीं है।

मुख्य अतिथि फग्गनसिंह ने नव जोड़ों को आशीर्वाद देते हुई प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुई उक्त विवाह कार्यक्रम को सफल बताते कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग की चिंता करते हुये योजनाओं को मूर्तरूप देती है जिसका लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलता है, वहीं क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक चैनसिंह बरकड़े ने नव वर बधू को समझाईस देते हुये कहा की सभी जोड़े आज ये सपथ लें कि वे अपने जीवन में शराब का सेवन नहीं करेंगे, साथ ही कन्याओं से कहा कि वे अपने जीवनसाथी को नशा न करने के लिये प्रेरित करें ताकि उनका भावी जीवन खुशहाल बना रहे।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के साथ पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते ,जनपद अध्यक्षा मंजुलता कुलस्ते, उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी, नगर परिषद अध्यक्षा स्नेहलता परस्ते, उपाध्यक्ष बसंत चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आकाश पांडे, संजीत पांडे, जिला पंचायत सदस्य जगत मरावी, रॉबिनधर बड़गैयाँ, अशोक बड़गैयां, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद दुबे, संतोष रजक, महामंत्री राकेश रजक, यतीन्द्र मोहन विश्वकर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारीयों में एसडीएम राशिद खान, सीईओ दीप्ति यादव, तहसीलदार एस एल मरावी,नायब तहसीलदार सोनी जी, सीएमओ शिवा सिंह लोधी व अन्य वरिष्ठ नागरिक गण के साथ शुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के जिम्मेदार कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ मण्डला ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम गांव में हुई आतंकवादी घटना की जिला अधिवक्ता संघ मंडला ने कड़े शब्दों में निंदा की है। जिला अधिवक्ता संघ के केन्द्रीय कक्ष में आज संघ के समस्त सदस्यों ने एकजुट होकर उक्त आतंकी घटना के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ ने आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों और विदेशी पर्यटकों को निशाना बनाए जाने को अमानवीय एवं देश विरोधी करार देते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

संघ के अध्यक्ष रामेश्वर झारिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक पत्र में आतंकियों के खिलाफ शीघ्र और कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र में यह भी अनुरोध किया गया है कि देश में आतंकवादी गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु निर्णायक कदम उठाए जाएं और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीश रंजन उतरते, उपाध्यक्ष सुमिता नामदेव, सचिव नीलेश झा, सह सचिव आदित्य पटेल, कोषाध्यक्ष शुभांक पटेल, प्रांतीय प्रभारी अर्जुन भांडे सहित संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। संघ ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और ऐसे हमलों का एकजुट होकर विरोध करना देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती, विपणन, भंडारण संबंधी दो दिवसीय देवारण्य प्रशिक्षण संपन्न.....

मण्डला। राज्य औषधी पादक बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग मंडला के तत्वाधान में देवारण्य योजना अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 से 23 अप्रैल 2025 तक किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को एक जिला एक उत्पाद के माध्यम से तुलसी की वैज्ञानिक खेती विपणन भंडारण तथा जलवायु अनुकूल खेती संबंधी जानकारी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री अहाके ने किया, उनके द्वारा देवारण्य योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना के उद्देश्य, लाभ एवं तुलसी को एक जिला एक औषधि पौधे के रुप में बताया गया।

वाहन रैली के माध्यम से रक्तदान के लिए प्रेरित करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में 25 अप्रैल शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संत निरंकारी भवन बिंझिया में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है। शिविर के एक दिन पहले संस्था के सदस्यों के द्वारा शाम को वाहन रैली निकाली गई, जो कि संत निरंकारी भवन बिंझिया से प्रारंभ हो शहर के मुख्य मार्गों से होकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरणा संदेश दे रही थी। इसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने शामिल होकर आम नागरिकों से रक्तदान करने के लिए अपील की और मानवता की सेवा के लिए अपना सहयोग देने के लिए अपेक्षा की। संस्था के सदस्यों ने इंसान का रक्त इंसान की नाडियों में बहे ना कि नालियों में,रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है, इससे सहयोग के लिए आह्वान किया। सदस्यों ने इसके लिए विभिन्न जागरूकता संदेश के साथ स्लोगन बनाए और लोगों से रक्तदान में सहभागी बनने के लिए अपील की।

पहलगाम के आतंकी हमले में मृतकों को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

पहलगाम में हुए हृदयविदारक आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष लोगों को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत आतंक के आगे ना कभी झुका है ना कभी झुकेगा। इस नृशंस आंतकी हमले के दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा और भारत शीघ्र से शीघ्र इस घटना का मुंहतोड़ जवाब देगा।

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने श्रदांजलि देते हुए अपनी भावना व्यक्त की और कहा कि देश के लिए यह बहुत बड़ी दुःखद घटना है और आतंकियों की कड़ी निंदा करते हुए पीढ़ियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की कहा कि अब हमे उचित जवाब देने की जरूरत है भारत की सेना इसका मुंह तोड़ जवाब देगी।

श्रदांजलि में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला महामंत्री नीरज मरकाम, जिला उपाध्यक्ष पारस असरानी, अखिल सिहारे, सुषमा मिश्रा, थामन बरमैया, विनय मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, सर्यकांत जंघेला, अनीता तिवारी, मंजू कछवाहा, शिखा श्रीवास्तव, प्रिया धुर्वे, पुष्पा ज्योतिषी, उमा यादव, अप्पू यादव, दीप्ति नरेलिया, बसंत चौधरी, सौरभ गुप्ता, सचिन शर्मा, इशांक साहू, संजय गुप्ता, सुरेन्द्र दुबे, प्रवीर तिवारी, रवि सोनवानी, विनय तिवारी वेदप्रकाश दुबे, अजीत सिंहानी, सुशील मिश्रा, सुनील मिश्रा,सावन चौरसिया, विभोर मिश्रा, मोंटी मलिक, हरीश गुरवानी, अमित शर्मा, अंकित ज्योतिषी, नीरज कांड्रा, सत्यम मिश्रा, विजय नीखर, अभिषेक राय, नीलेश शुक्ला, पंकज दुबे, मोहन शाह, चंद्रशेखर निखारे, सुधीर दुबे, प्रियंक खरंबदा, अमन अग्रवाल,आनंद भांगरे, दिनेश भांगरे, अंशुल चौरसिया, राहुल सिंगोर, आंनद जैन, राजा शुक्ला सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तैयारी | परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से कलेक्टर ने की मुलाकात।

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कड़ी मेहनत करें

*** ज्ञानार्जन 2.0 अंतर्गत परीक्षाओं की तैयारी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए लगातार तैयारी करनी चाहिए। इनमें सफल होने के लिए कड़ी मेहनत आवश्यक है। 4 मई को होने वाली परीक्षा के मद्देनजर आपका एक-एक दिन कीमती है, इस समय को रिवीजन में लगाएं जिससे आपकी तैयारी अच्छी हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ज्ञानार्जन 2.0 अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि 9वी से 12वी तक की पढ़ाई आपके कैरियर की दिशा तय करती है, यहीं से आप तय करते हैं कि आप किस क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं। आज के समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में स्पर्धा बहुत कड़ी हो गई है। तैयारी के दौरान आपको डिस्ट्रक्शन बार-बार आएगा लेकिन आपको इसे मैनेज करना है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में कभी-कभी एक बार में सफलता नहीं मिलती तब आपको निराश नहीं होना है और दुगुनी तैयारी के साथ अगली बार पुनः परीक्षा में सम्मिलित होना है, इसलिए किसी भी परीक्षा को अंतिम परीक्षा न समझें। चिकित्सा के क्षेत्र में हमारे देश में पर्याप्त संभावनाएं हैं, आप सभी अच्छी तैयारी के साथ आने वाली प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हों और ज्यादा से ज्यादा संख्या में चयनित होकर माता-पिता एवं अपने गुरूजनों को गौरवान्वित होने का अवसर दें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि 4 मई को होने वाली परीक्षा के लिए आगामी 27 अप्रैल को मॉकटेस्ट लिया जायेगा। इसके अलावा 1 एवं 2 मई को परीक्षा भी ली जाएगी। आप सभी इसके लिए अच्छी तैयारियां करें। जिन विषयों में आपको डाऊट्स हैं उन्हें शिक्षकों के साथ चर्चा कर क्लीयर करें। कार्यक्रम में जेईई मेन्स में सफल हुए 2 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कल्पना नामदेव, सहायक संचालक आदिवासी विकास श्री रंजीत गुप्ता, बोर्ड परीक्षा प्रभारी श्री महेन्द्र श्रीवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

तार से गला घोंट कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 7 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास

मीडिया प्रभारी अभियोजन जिला मण्डला द्वारा जानकारी दी गई कि अपर सत्र न्यायालय निवास ने दिनांक 23.04.2025 को गांव के व्यक्ति पर सेंटिंग तार से गला घोंट कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। थाना बीजाडांडी के अप०क्र0 135/2019 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 23/2020 के आरोपियों सुरेन्द्र कुशराम एवं गोलू उर्फ विवेश निवासी ग्राम पौंड़ी रैयत, थाना बीजाडांडी जिला मण्डला द्वारा ग्राम के ही रायसिंह को एकराय होकर मारने, पीटने, गाली-गलौज एवं हत्या के प्रयास के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह निर्णय दिनांक 23.04.25 को दिया।

मामला का संक्षिप्त विवरण अनुसार दिनांक 05.10.2019 को प्रार्थिया कृष्णा बाई दोपहर 1.00 बजे अपने घर पर आराम कर रही थी। उसका पति भी घर पर ही सोया हुआ था। तभी गांव के ही गोलू एवं सुरेन्द्र उसके घर के बाहर आंगन में आकर उसके पति को गाली-गलौज करने लगे। एवं हाथ, मुक्कों से मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया। जिसकी रिपोर्ट थाना बीजाडांडी में दर्ज कराई गई। और घायल रायसिंह का इलाज करवाया। मामले में विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों ने सेंटिंग तार से उसका गला दबाने का प्रयास किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना पूर्ण करके माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

विचारण के दौरान न्यायालय में आई साक्ष्य पर विचार करते हुए माननीय अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिन्हा ने आरोपी सुरेन्द्र कुशराम को दोषी पाते हुए धारा 307 भादंवि में 7 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5000.00 रू0 के अर्थदंड से दंडित किया। मामले के दूसरे आरोपी गोलू उर्फ विवेश को फरार घोषित किया गया। मामले में शासन की ओर से अभियोजन संचालन, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी निवास, श्रीमती उज्वला उईके द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप

अपने अस्तित्व को बचाने ने के लिए जूझ रहा सालीचौका साप्ताहित बाजार, समय रहते ध्यान नहीं दिया तो बसुरिया बाजार का रूप धारण कर लेगा?

सालीचौका। अक्सर देखा जाता है कि जब किसी शहर या कस्बे में साप्ताहिक बाजार लगता है तो निश्चित उस क्षेत्र के लोगों को बाजार से काफी सुविधा होने के साथ साथ सप्ताह में एक दिन जरूरी सामग्री निर्धारित दामों पर उपलब्ध हो जाती है, कुछ इसी प्रकार से नगर सालीचौका में सप्ताह में दो दिन यानि की गुरूवार व रविवार को लगने वाले बाजार में देखी जाती है, यहां पर बाजार के दिन सिर्फ सालीचौका ही नही बल्कि आसपास के अनेक गांवों से लोग पहुंचकर जहां जरूरी सामग्री खदीदते है और इस बाजार में दूर दूर से दुकानदार आकर अपनी दुकान लगाते हुए रोजी रोटी भी चलाते है। मगर देखा जा रहा है कि नगर में लगने वाले इस साप्ताहित बाजार पर जिस प्रकार से बदहाली की काली छाया मंडरा रही है उसके चलते बाजार लगातार अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझने लगा है? वर्षो से लगने वाले इस बाजार में लगातार अतिक्रमण होने के कारण जहां दुकानदारों के लिए जगह कम होती चली जा रही है और इसी का परिणाम है कि दिनों दिन बाहर से दुकानदारी करने आने वालें दुकानदारों में कमी दिखाई देने लगी है, वही बाजार के दिवस पर होने वाली आवारा गर्दी के चलते भी लोगों द्वारा इस बाजार में आने के लिए भय सताने लगी है, जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस बाजार का संपूर्ण संचालन नगर परिषद के जिम्मे है जो बाजार में दुकानदारी करने वाले लोगों से टेक्स की बसूली तो की जाती है, मगर दुकानदारों को सुविधा के नाम पर कुछ उपलब्ध नही हो पा रहा है इस स्थिति में दुकानदारों को तो परेशान होते हुए देखा जा रहा है। मगर बाजार में फैल रही अव्यवस्थाओं के साथ बदहाली को लेकर किसी भी प्रकार के प्रयास नही किये जा रहे है जिसके चलते नगर के जनप्रतिनिधियों की स्वार्थ पूर्ण कार्यशैली का शिकार हो रहे इस बाजार की ओर यदि समय रहते हुए ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही नगर का यह बाजार भी समीपस्थ ग्राम बसुरिया के साप्ताहिक बाजार का रूप धारण करने में कोई कसर नही छोड़ेगा? ज्ञात हो कि वर्षो पूर्व समीपस्थ ग्राम बसुरिया में प्रति मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार भी संपूर्ण क्षेत्र में जाना पहचाना जाता था, जिसमें सभी प्रकार की दुकाने लगने के साथ साथ इस बाजार में हमारे जिले के आलवा अन्य जिलों के दुकानदार भी पहुंचते हुए देखे जाते थें और बाजार का रूप इस प्रकार से हो चुका था कि लगातार दो दिनों तक समाप्त नही होता था, मगर यहां पर स्वार्थी नेताओं की भेंट चढ़ा बासुरिया बाजार एक छोटे रूप में पहुंच चुका है और यदि समय रहते हुए सालीचौका बाजार की व्यवस्थाओं की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही एक दिन यह बाजार भी उसी रूप में आ पहुंचेगा जिसमें चंद दुकाने ही दिखाई देगी? यह बात अलग है कि आये दिन नगर में राजनैतिक या फिर सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान नगर के नेताओं की भीड़ व प्रभाव देखने के लिए तो जरूर मिलता है, मगर बदहाली की स्थिति में पहुंच रहे इस बाजार की ओर शायद ही आज तक किसी नेता या फिर जनप्रतिनिधि द्वारा अपनी सोच रखी गई हो? जिससे नगर की बाजार में फैल रही व्यवस्थाओं में सुधार हो सुके।

आखिर में कब तक बन पायेगा हमारे नगर के चीचली की ओर जाने वाले मार्ग का ओवर ब्रिज

अधिकारियों की उदासीनता के चलते टूटी सड़क बन रही परेशानी का कारण, भूमि पूजन के अवसर लगाये गये पौधे देने लगे फल, अधूरा पड़ा निर्माण मादक पदार्थ के कारोबारियों के लिये बन चुका है प्रमुख अड्डा..

गाडरवारा

निश्चित तौर से जब नगर व क्षेत्र में कोई बड़ा विकास कार्य होता है तो वहां पर रहने वाले लोगों को बड़ी खुशी होते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के रेलवे स्टेशन के समीप चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर बनने जा रहे रेल्वे ओवर ब्रिज को देखते हुये जान पड़ रही थी। क्योंकि चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे गेट के बंद रहने की स्थिति में चीचली सहित आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है और जब यहां पर ओवर ब्रिज निर्माण की खबर सुनी थी तो लोगो के दिलों में इस बात की खुशी देखने मिल रही थी कि शीघ्र ही इस ओबर ब्रिज के निर्माण होने से उन्हें रेल्वे फाटक के बंद रहने की परेशानी से निजात मिल जावेगी। मगर यह सोच अब जहां क्षेत्रवासियों के लिये एक सपना साबित होते हुये जान पड़ रही है। क्योंकि इस ओबर ब्रिज के निर्माण को शुरू हुये कई वर्षो का समय निकल जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा दिखाई देने से नही चूक रहा है..? सही मायने में देखा जावे तो ओबर ब्रिज के भूमि पूजन के दौरान जो पौधा रोपित किये गये थें वह फल देने लगे है मगर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया है। बताया जाता है कि इस ओवर ब्रिज के निर्माण में रेलवे गेट के उस पार कुछ निजी भूमि के मुआवजा को लेकर पेंच फंसा हुआ है..जिसके चलते निर्माण कार्य में रूकावट आ रही है..? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस समस्या का निराकरण राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही कर सकते है। मगर देखा जा रहा है कि इस समस्या के निराकरण को लेकर न तो अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से कोई पहल करना उचित समझा जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों द्वारा जिसका परिणाम है कि रेलवे गेट के उस पार यानि की कांच मंदिर की ओर जाने वाली सड़क कई वर्षो से टूटी होने के साथ साथ निकल रहे गड्ढे अब जानलेवा साहित होने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि इसी मार्ग से जहां एनटीपीसी से राख ढोने वाले भारी भरकम ट्रालाओं का निकलना होता है तो वही दूसरी ओर कोल माइंस के डम्फर भी कोयला परिवहन करने के लिये इसी मार्ग से गुजरते है। इस स्थिति में जहां टूटे पड़े हुये सड़क के चंद मीटर भाग पर जाम की स्थिति बनते हुये देखी जाती है। वही दूसरी ओर आये दिन छोटे वाहन चालकों को यहां पर गिरकर घायल होना आम बात बन चुकी है। इस तरह अधिकारियों द्वारा इस समस्या के निराकरण को लेकर उचित कदम नही उठाये जाने का परिणाम क्षेत्र की जनता को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर अधूरा पड़ा हुआ ओबर ब्रज का निर्माण कार्य इस समय सुबह से लेकर देर रात तक शराब खोरी करने वालों से लेकर अन्य मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के लिये सबसे सुरक्षित स्थान साबित होने से नही चूक पा रहा है..? इस तरह धीमी गति से चल रहे इस ओबर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। जबकि गौर किया जावे तो अन्य जगहों पर इसी ओबर ब्रिज के साथ या फिर बाद में जो निर्माण कार्य शुरू हुये थें वह जहां पूर्णतः की ओर दिखाई दे रहे है। मगर यहां के ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका हुआ होने के कारण क्षेत्रवासियों के लिये जान का खतरा बनते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो जिस तरह निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा ब्रिज निर्माण संबंधी पार दर्शिता को गुप्त रखते हुये कार्य किया जा रहा है उसके चलते जहां निर्माण की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि नियम के अनुसार तो बताया जाता है कि जब कोई शासकीय निर्माण कार्य होता है तो निर्माण स्थल पर निर्माण संबंधी सूचना वोर्ड स्थापित किया जाता है। जिसमें निर्माण कार्य संबंधी गुणवत्ता व कार्य शुरू होने से लेकर कार्य पूर्ण होने की अवधि का उल्लेख रहता है। मगर यहां पर इस तरह किसी भी प्रकार से कोई वोर्ड स्थापित न होना निश्चित तौर से गुणवत्ता की सच्चाई को संदेह के घेरे में लेने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर यदि गुणवत्ता की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो करोड़ो की लागत से बनाये जाने वाली इस ओबर ब्रिज की गुणवत्ता तो आज से लगभग पांच साल पहले यानि की 27 अगस्त 2020 को निर्माण के दौरान ही उस समय उजागर होने से नही चूक पाई थी जब निर्माणाधीन ओबर ब्रिज की एक ओर की दीवार जरा सी बारिश के चलते धराशायी हो जाने के कारण गुणवत्ता उजागर होकर सबके सामने आने से नही बच पाई थी..? इस स्थिति में उम्मीद की जा रही थी कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओबर ब्रिज के संपूर्ण कार्य को निरस्त करते हुये नये सिरे से पूर्ण गुणवत्ता से कार्य कराया जावेगा..? मगर हैरत तो उस समय देखने मिली जब निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा मात्र टूटे हुये भाग की लीपापोती करते हुये कार्य को आगे की ओर अंजाम देना शुरू कर दिया गया है। जिसका परिणाम है कि निर्मित हुआ शेष भाग आज भी गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध बना हुआ देखा जा रहा है..? इस तरह बीते हुये पांच साल से जहां यह ब्रिज अपनी गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध तो बन ही चुका है। मगर इस समय इस ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य जिस तरह धीमी गति से चलते हुये देखा जा रहा हे उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद इसके निर्माण कार्य को पूर्ण होते हुये तब देखा जा सकेगा जब भूमि पूजन के मौके पर जन्म लेने वाले बच्चे दूल्हा बन चुके होंगे...? इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते चल रहे इस ओबर ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर न तो अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी कोई आवाज उठा रहे है। इसी का खामियाजा क्षेत्र की जनता को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है।

पहलगाम में हिन्दुत्व पर हमला करने वालों के खिलाफ कौरव सेवा समिति द्वारा रोष प्रकट करते हुये मृतकों को अर्पित किये श्रद्वासुमन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता था कि जब भी किसी स्थान पर आतंकवादी हमला होता था तो उसमें अनेक लोगों की मौत होती थी जिससे लोग यह बात कहने से नही चूकते थें कि आतंक का कोई धर्म नही होता है। मगर बीते हुये दिनों जिस प्रकार से पहलगाम में आतंकियों द्वारा लोगों के पेन्ट उतरवाने के साथ साथ उनका धर्म पूछते हुये गोलिया चलाई है अब यह आतंकी हमला खुलकर हिन्दुत्व पर हमला बनने से नही चूक रहा है। इस तरह पहलगाम घटना को अंजाम देते हुये यह बात उजागर हो चुकी है कि इन लोगों द्वारा हिन्दुत्व को निशाना बनाया जा रहा है। घटना को लेकर बीते हुये दिवस कौरव सेवा समिति द्वारा नगर के पलोटनगंज में रोष प्रकट करते हुये घटना में मृत हुये सभी भारतीयो की आत्म के लिये मंदिर के सामने दीप जलाते हुये भगवान से उनकी आत्मा को शांति प्रदान के लिये श्रद्धासुनम अर्पित किये गये। इस मौके पर नगर के सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थें। वही दूसरी ओर श्रद्धाजंलि सभा को संबोधित करते हुये लोगों ने कहा कि अब वह समय आ चुका है कि सरकार को सख्त निर्णय लेते हुये इस तरह की कार्यवाही करने की जरूरत है कि इनके आकाओं को खोजन की जगह हिन्दुत्व का विरोध करने वालों का सफाया किया जावे। यह बात सत्य है कि हम नगर में सिर्फ मृतक की आत्माओं के लिये शोक प्रकट ही कर सकते है कार्यवाही का निर्णय लेना सरकार के हाथों में रहता है। मगर हम लोगों को भी इस बात की जरूरत है कि मृत हुये देशवासियों की आत्मा के लिये सही श्रद्धाजंलि तभी ही मानी जावेगी कि हमारे शहर की सड़को पर सामग्री विक्रय करने के लिये निकलने वाले लोगों सहित बाजारों की दुकानों पर कोई भी प्रकार का समान लेने के पहले उनकी ही भांति पूछकर सामग्री खरीदना शुरू कर देवे तो काफी हद तक घटना का जबाव देने में मददगार बन सकते है...?

सूखाखैरी स्कूल में बताया सफाई एवं प्रयोगशाला रखरखाव का महत्व

हरिभूमि न्यूज/चीचली। जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूखाखैरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रयोग शाला रख रखाव एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल ने शिक्षकों से कहा कि प्रयोग शाला मे वर्षभर पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रयोग कार्यों को करवाकर छात्र छात्राओं के ज्ञान मे वृद्धि करने का कार्य करे। मगर सामग्री को साफ सुधरी व सुरक्षित रखने के लिये भी माप दंड निर्धारित किये गये है। उन मापदंडो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्रीमति शालिनी जगेत, डॉक्टर संदीप मेहरा, सोनू कुमरे, नितेंद्र प्रताप सिंह, रजनी जगैत सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद थी।

बसेड़िया द्वारा मानव सेवा के साथ अब शुरू की गई गाय माता के लिये सेवा

गाडरवारा। मानव सेवा ही माधव सेवा होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा हर सीजन में अपने स्तर पर जिस तरह लोगों की सेवा करते हुये देखे जाते है उसकी लोगों द्वारा खुले दिन से प्रशंसा करने से नही चूकते है। क्योंकि जब ठंड का सीजन रहता है और लोग अपने घरों में विस्तर पर पल्ली के नीचे से निकलने के पहले अनेकोबार सोचने के लिये मजबूर हो जाते है। उन दिनों में मुकेश बसेड़िया को अपनी डुग डुगिया पर अंधरी रातों में कंबल व रझाई लेकर उन लोगों को खोजते हुये देखे जाते है जो नगर के रेल्वे स्टेशन व बस स्टेन्ड सहित मंदिरों पर बेसहारा होकर ठंड के बीच अपनी राते काटने के लिये मजबूर देखे जाते है। वही दूसरी ओर आये दिन जंगल क्षेत्र के पहुंच बिहिन गांवों में जरूरी सामग्री लेकर लोगों की मदद में सदा ही बगैर किसी दिखाबे के सदा आगे दिखाई देते है। इस तरह शुरू हो चुके गर्मी के सीजन में देखा जा रहा है कि जब तेज तबन के बीच लोग अपने घरों से निकलते है तो चंद मिनिटों के अंदर कंठ सूखने की स्थिति में ठंडे पानी की बोतल खरीदकर पानी पीते हुये देखे जाते है। मगर नगर की सड़को पर भ्रमण करने वाली गाय माता सहित अन्य मूक पशुओं को शहर में कही भी पानी पीने के लिये उचित प्रबंध नही होने के कारण पशु नालियों के बेहने वाले गंदे पानी के बीच अपनी प्यास बुझाते हुये देखे जाते है। इस तरह प्यास से ब्याकुल होने वाले पशुओं की सेवा के लिये मुकेश बसेड़िया द्वारा अपनी ओर से जहां तहां टंकी रखते हुये पशु सेवा की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये गुरुवार को बरुथनी एकादशी के शुभ अवसर पर समाज सेवी मुकेश द्वारा कन्या व गाय माता का पूजन के साथ गो जल सेवा पात्रों का पूजन कर उन्हें शहर के विभिन्न स्थानों पर गाय व मूक प्राणियो को पानी पीने के लिये स्थापित कराये गये है। इस दौरान उन्होंने सर्व प्रथम विजयासन इंस्टीट्यूट के सामने माँ विजयासन व श्री दादाजी धूनी वालो के जल पात्रों का विधि विधान से पूजन करते हुये स्थापित किये गये। इस मौके पर अरुण तिवारी, गायत्री परिवार से मूलचंद पटेल, सत्संग सुप्रभात समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सराठे, कथाव्यास पँ प्रवीण व्यास, राजेश पचौरी, रंजीत कौरव, राकेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस संबंध में जब मुकेश बसेड़िया से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जब एक दिन गाय माता को हेण्ड पम्प से प्यास बुझाने के लिए संघर्ष करते हुये देखा तब ये जल पात्र रखने का विचार आया है। वही बसेडिया द्वारा आमजन से अपेक्षा व्यक्त की गई कि नगर व क्षेत्र में इस तरह सैकड़ो की संख्या में गाय व मूक प्राणी रोड पर प्यासे घूम रहे है। सबकी व्यवस्था करना आम आदमी के लिए संभव नही है। मगर हो सके तो लोग यदि अपने अपने घरों के सामने इस तरह एक छोटी सी टंकी में पानी भरकर रख देवे तो निश्चित ही प्यास से ब्याकुल गाय सहित अन्य पशुओं को कुछ हद तक राहत पहुंचाई जा सकती है। इस बात को लेकर अधिकत्तर लोगों का तर्क होता है कि हम अपने घरों के सामने पानी से भरकर पात्र तो रख देते है। मगर उसमें सुअर या फिर अन्य दूसरे जानवर पानी पीकर गंदा कर देते है। यदि अन्य दूसरा कोई जानवर उन पात्रों में पानी पी रहा है तो उसमें बुराई किस बात की उसे अपनी प्यास से राहत मिल रही है। इस तरह यदि हमारे द्वारा रखे जाने वाले पानी से किसी भी जानवर को प्यास बुझाने के काम आती है तो हमारे द्वारा उठाया गया कदम सफल हो जाता है। क्योंकि हर जीव का जीवन पानी पर ही आधारित होता है। हमारे द्वारा भरकर रखे गये पानी को कोई भी जान पर पीता है तो उसे प्यास से राहत मिले सकती है। क्योंकि हमारे धर्म ग्रंथों में इस बात का उल्लेख है कि भूखे को भोजन और प्यासे जीव को पानी पिलाने से बड़ा पुण्य अन्य दूसरे कार्य से नही मिलता है। इस तरह बसुड़िया द्वारा गौ जल सेवा पात्रों को नर्मदा कालोनी शंकर मन्दिर के सामने, शासकीय अस्पताल के पास, श्री हनुमान मंदिर एमपीईबी कालोनी, केप्री बैंक,हरिभूमि कार्यालय संतोष मेडीकल के पास विजय कालोनी, सिद्धि किराना के सामने, गायत्री मन्दिर नीरज मेहरा के घर के बाजू के साथ पिपरिया रोड पर रखा गया है तथा विभिन्न स्थानों पर पशु पक्षियों के लिए सकोरे भी टांगे गए है। वही बसेड़िया द्वारा हर साल की तरह इस साल भी आने वाली सतुवाई अमावश्या के दिन गुड़ चना युक्त प्याऊ जल सेवा के शुभारंभ किया जावेगा।

नगर की कॉलोनियों से लेकर कुलियों में मनमर्जी से बनाये स्पीड ब्रेकर दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण, प्रशासन की अनदेखी पड़ रही भारी...

गाडरवारा। किसी भी नगर व क्षेत्र की सड़को से लेकर अन्य आमजन की सुविधाओं की जिम्मेदारी संबंधित शासन प्रशासन की होती है। जहां पर किसी सुविधा की कमी होती है तो वहां पर व्यवस्था बनाई जावे और किसी जगह कोई परेशानी पैदा हो रही है तो वहां पर सुधार कार्य किया जावे? मगर इस दिनों नगर पालिका क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह लोगों द्वारा मनमर्जी के मुताबिक अपने घरों में सामने स्पीट ब्रेकरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसके चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने के साथ वाहनों को जहां क्षति पहुंचने से नही चूक रही है। मगर शासन प्रशासन में बैठे हुये जिम्मदारों की उदासीनता पूर्ण सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है..? जबकि गौर किया जावे तो इस तरह सड़को पर बनाये जाने वाली स्पीट ब्रेकरों को लेकर तो मा. उच्च न्यायालय द्वारा भी रोक लगाई गई। वही दूसरी ओर यदि अति जरूरत पर कही स्पीट ब्रेकर का निर्माण किया भी जाता है तो उसके लिये संबंधित संस्था से अनुमति लेकर स्पीट ब्रेकर के माप दंडो का पालन करते हुये निर्माण के बाद संकेतिक सूचना स्थापित की जाती है। मगर नगर की मुख्य सड़कों से लेकर कालोनियों व कुलियों में जिस तरह लोगों द्वारा अपनी मनमर्जी के मुताबिक स्पीट ब्रेकरों का निर्माण किया जा रहा है उसको लेकर प्रशासन पूर्णरूप से उदासीन होने के साथ साथ अनजान बना हुआ है। इस तरह मा. उच्च न्यायालय के आदेशों की अव्हेलना करते हुये मन मुताबिक बनाये जाने वाले स्पीट ब्रेकरों के चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने के साथ साथ लोगों के वाहनों को क्षति पहुचाने के साथ साथ दुर्घटनाओं को मामंत्रण देने से नही चूक रहे है..। इस बात की सच्चाई की अनेक कालोनियों से लेकर वार्डों में देखने मिल रही है। मगर हैरत की बात है कि जिन मुख्य मार्गो से लेकर कालोनी की गलियों का कुलियों में बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों से जहां प्रतिदिन नगर पालिका प्रशासन की कचरा एकत्र करने वाली गाड़ियों से लेकर अधिकारियों का आना जाना होता रहता है। वही दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा जिस तरह कर्मचारियों की जो फौज तैयार की गई है उसका भी आना जाना होने के बाद भी इस ओर ध्यान न देना निश्चित तौर से नगर के पेहरेदारों की उदासीनता पूर्ण कार्य शैली को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि जब नगर में लोगों के घरों का निर्माण होने या फिर सड़क के इस पार से उस पार कोई लाईन ले जाने के लिये पक्की सड़क की खुदाई की जाती है तो उसके बाद आवास निर्माण की सामग्री बच जाती है उसके माध्यम से लोग अपने घरों के सामने स्पीट ब्रेकर बना देता है। इस बात की सच्चाई देखी जावे तो इस समय नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में आसानी से देखने मिल सकती है। जहां पर मुख्य मार्ग पर लोगों द्वारा अपनी मनमर्जी से अनेक जगहों पर इतनी ऊंचाई बाले स्पीट ब्रेकर बनाये गये है जिनके ऊपर से जब कोई भी वाहन निकलता है तो लोगों को चोटे लगने से नही चूक पाती है तो दूसरी ओर कोई स्कूटी हो या फिर किसी की कार निकलते है तो उसका निचला भाग इन स्पीट ब्रेकरों में टकराने से वाहन को क्षति पहुंचने से नही चूक पाती है। इसके आलवा नगर में अनेक जगहों पर मन मुताबिक लोगों द्वारा बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों के चलते आये दिन वाहन फिसलने के चलते लोगों को घायल होते हुये देखा जाना आम बात होने लगी है। नगर के लोगों द्वारा नगर पालिका प्रशासन के साथ साथ जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की गई है कि मा. उच्च न्यायालय के आदेशों की अव्हेलना करते हुये मन मुताबिक बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों को हटाने की कार्यवाही की जावे जिससे वाहन चालकों की जिन्दगी व उनके वाहन सुरक्षित रहे सके।

डम्फर द्वारा बाइक चालको को टक्कर मारने जाने से वृद्व महिला घायल

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम सलैया करहैया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी मोटर साईकिल से अपनी माँ जानकी बाई ठाकुर के साथ किसी काम से सालीचौका जा रहा था। वह ज्यों ही गाडरवारा शक्कर नदी पुल के पास पहुंचा तो उसी समय एक मोटर साईकिल क्र. **MP**49**ZA**5366 के चालक द्वारा लारपवाही पूर्वक अपनी मोटर साईकिल को चलाते हुये टक्कर मारे जाने के चलते प्रार्थी की माँ नीचे गिर गई। मगर अचानक मौके पर डम्फर क्रमांक **MP**15**ZF**5961 के निकलने के कारण वह वृद्ध माँ उसकी चपेट में आने के कारण महिला के हाथ पर डम्फर का चाक चढ़ने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक सहित डम्फर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

मामा ने की भांजे के साथ मारपीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस राजेन्द्र बाबू वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै ठेकेदारी का काम करता हूं तथा मेरा मामा विष्णु कुशवाहा मेरे साथ सेंटिंग का काम कराता है। प्रार्थी ने अपनी शिकायत में बताया हे कि मामा को उनके कार्य के पैसा पहले ही दे दिये गये थें। मगर मामा द्वारा बीते हुये दिवस अपने घर पर बुलाकर कहा कि मेरी मजदूरी के पैसा दे दो तो प्रार्थी ने कहा कि मजदूरी के हिसाब से तो पैसा पहले ही दे दिये है। इसी बात को लेकर मामा विष्णु द्वारा प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करना शुरू किया गया तो उसी दौरान आरोपी मामा का छोटा भाई छोटू कुशवाहा तथा पुत्र दीपक कुशवाहा आ गये और तीनों एक राय होकर मारपीट करने लगे।

खबर संक्षेप

पहलगाम में घटी घटना पर शहपुरा में आक्रोश, आतंकियों का फूंका पुतला

शहपुरा। पहलगाम में पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या की। इस घटना से पूरे भारत देश में आक्रोश व्याप्त हैं,वही शहपुरा नगर में शहीद स्मारक के सामने चौराहे में समाजसेवी, हिन्दू संगठन और भाजपा के नेता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और आतंकियों का पुतला दहन किया गया। साथ ही दिवगंत पर्यटकों की आत्मा शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है। इस उपरान्त शहपुरा भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस घटना पर जल्द बदला आतंकियों से लिया जाए ।

अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही 37 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण संग्रहण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु जिला आबकारी अधिकारी रामहंस पचौरी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग डिंडौरी वृत बजाग द्वारा अवैध शराब रखने व विक्रय व परिवहन की रोकथाम हेतु शिकायत के आधार पर कार्यवाही कर 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिसमें आरोपी दीनू बाई ग्राम बिझौरी से 5.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, संतोष कुमार ग्राम बिझौरी से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, उर्मिला बाई ग्राम सुकुलपुरा से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, शिवकुमारी बाई ग्राम सुकुलपुरा से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, शकुन्तला बाई ग्राम सुकुलपुरा से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, गगन ग्राम सुकुलपुरा से 6.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त किया गया। कार्यवाही में कुल 37 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त किया गया। जप्त सामग्री की अनुमानित कुल कीमत 7400/- रुपए है। उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) "क" तहत पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी एम.आर. उइके, उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक राम भरोस ठाकुर, छिद्दी लाल झारिया, मनीष उईके, नगर सैनिक अशोक सैय्याम, तोक सिंह मरावी द्वारा किया गया।

दुकान के बाहर खड़े ट्रक में लगी आग, करीब सवा लाख का हुआ नुकसान

अमरकंटक। फरियादी सुल्तान खान पिता सुलेमान खान उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 03 हिण्डालको थाना अमरकटक जिला अनूपपुर ने थाना में पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23/04/25 को मेरा ड्राइवर वाहन क्र. एमपी 65 जीए 1102 को शाम को करीब 8 बजे अपनी दुकान के सामने वार्ड क्र. 03 हिण्डालको में खड़ा किया था और अपने घर चला गया रात में करीब 1 बजे कांच फूटने की आवाज सुनकर राजेन्द्र का पिता जिम्बू दास दुकान से उठकर देखा तो गाड़ी के अन्दर आग लगी हुई थी ।

आतंकवादियों पर उन्हीं की भाषा में करनी होगी कठोरतम कार्यवाही

अमरकंटक। पहलगांम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर किए गए कायराना पूर्ण की गई जघन्य हत्या से मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में भी बहुत ज्यादा आक्रोश व्याप्त है सभी बहुत गुस्से में है उनसे कुछ कहते नहीं बन रहा। शांतिकुटी आश्रम के प्रमुख संत रामभूषण दास जी महाराज ने कहा कि आतंकवादियों तथा उनके सहयोगियों पर सरकार को कठोर से कठोर कार्यवाही कर करना चाहिए।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिला पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायतों में आयोजित हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर जिला पंचायत सभाकक्ष सहित जिले के समस्त जनपद पंचायतों में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाइव प्रसारण बिहार के मधुबनी से दिखाया गया। जिसे जनपद कार्यालय परिसर में बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। और हमले को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया,जिसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशभर के पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और सहभागी बनाने पर बल दिया। उन्होंने ग्रामीण विकास और जनकल्याण की योजनाओं में पंचायतों की अहम भूमिका को रेखांकित किया। बिहार राज्य के मधुबनी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायती राज व्यवस्था को लेकर कहा कि देश भर

में 30 हजार नए पंचायत भवन बनवाए गए। जमीनी विवाद को समाप्त करने के लिए जमीनों के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। पंचायतों में कैसे सामाजिक भागदारी को सशक्त किया जा सकता है उसके लिए लगातार काम किए जा रहे है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया।

जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को पक्के घर देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि जनपद समनापुर में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया है और उन्हें शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू करने हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजु ब्यौहार, जिला सदस्य श्रीमती हीरा रूद्रेश परस्ते, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठोर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त जनपद पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, पंचायत सचिव, समस्त जनपद सीईओ सहित ग्रामीणजन, हितग्राही एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों की भूमिका पर भी चर्चा की गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को भविष्य में सम्मानित करने की योजना की जानकारी दी।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चौपाल शपथ एवं श्रमदान कार्यक्रम संपन्न

अमरपुर। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत अमरपुर सेक्टर के आदर्श ग्राम घुघरी एवं झरना में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम चौपाल के माध्यम से जल को महत्व को बताते हुए शपथ दिलाई गई और अंत में स्टाफ डेम में सफाई की गई। इस आयोजित कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वक अमरलाल धुर्वे, नवांकुर संस्था से अरविंद यादव cmcld मेंटर लाल सिंह ठाकुर, एम एस डब्ल्यू, बी एस डब्ल्यू के छात्र-छात्राएं, प्रस्फुटन समिति के सदस्यों सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा का किया आकस्मिक निरीक्षण, मिली गंभीर खामियां

शहपुरा -

बुधवार देर शाम शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें कई गंभीर खामियां मिलीं। शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा बुधवार देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अस्पताल के मुख्य द्वार पर सुरक्षा कर्मी बिना तय ड्रेस के मिले। ड्यूटी वार्ड से ड्यूटी में तैनात डॉक्टर नदारत मिले। नर्स ने जानकारी मांगने पर नकारात्मक जवाब दिया।एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने निरीक्षण के दौरान

मीडिया से कहा कि हम जल्द ही लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने और अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इस दिशा में कार्य किया जाएगा।अब देखना यह है कि एसडीएम के निर्देशों के बाद अस्पताल प्रशासन क्या कार्रवाई करता है लोगो को उम्मीद है कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन ने एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

शहपुरा -

राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन जिला डिंडोरी के तत्वाधान में गुरुवार को एसडीम कार्यालय शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमे बताया गया कि पश्चिम बंगाल में एवं पहलगांव में आतंकवादी हमले को लेकर हिंदू भाई बहन एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर मांग किया गया । ज्ञापन में उल्लेख है कि पहलगांव में आतंकवादी हमले को लेकर और पश्चिम बंगाल में हो रहे हिंदू भाई बहन और बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार एवं हिंदू धर्म के मंदिरों और इष्ट देवों की मूर्तियों को खंडित करने का काम किया जा रहा है जिसको लेकर गुरुवार को शहपुरा एसडीएम कार्यालय में राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन के अधिकारियों के द्वारा एस डी एम ऐश्वर्य वर्मा को राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन सोपा गया जिसमे राष्ट्रीय हिंदू सेना के संभाग अध्यक्ष क्रपेश नामदेव, जिला अध्यक्ष देवलाल उसरठे, शहपुरा नगर अध्यक्ष हरी लाल यादव एवं संगठन मंत्री संदीप साहू, विकास यादव, भोला यादव, प्रभारी मंत्री सानिध्य सोनी, शिव साहू, पंकज गुप्ता, दीपक बरमैया, पुनीत रजक, यश अग्रवाल, मनोज यादव, एवं संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को जनपद पंचायत समनापुर ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस नृशंस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत हो गई, जिसे 2019 के पुलवामा हमले के बाद का सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। देशभर में इस हृदयविदारक घटना को लेकर शोक की लहर है। इस दुखद घटना पर जनपद पंचायत समनापुर ने गहरी संवेदना व्यक्त की और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मंगलवार दोपहर को जनपद कार्यालय परिसर में एक शोकसभा आयोजित की। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष पंवती कुशराम ने की। उनके साथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी. पी. साकेत, जनपद सदस्य राहुल पाण्डे, शिवराम राजपूत, अयोध्या प्रसाद राठौर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित समस्त जनपद सदस्य, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शोकसभा में वक्ताओं ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। जनपद अध्यक्ष श्रीमती कुशराम ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा देश शहीद हुए पर्यटकों के परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने शांति, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के लिए सभी से एकजुट रहने की अपील की। सभा के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शांति और मानवता के पक्ष में एकजुटता का संकल्प लिया। यह शोकसभा न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक रही, बल्कि एक संदेश भी दिया कि आतंक की काली ताकतें भारत की एकता और अखंडता को तोड़ नहीं सकतीं।

नासूर बनते जा रहा प्रमुख मार्गों का अतिक्रमण

बीस फिट चौडी सड़क पांच फिट में तब्दील

कोतमा। नगर के प्रमुख मार्गों में अतिक्रमण हर व्यक्ति के लिए समस्या बन गई है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा जिला यातायात विभाग को निर्देश देते हुए यह कहा गया था कि सप्ताह में 2 दिन कोतमा नगर के सड़क पर लग रही दुकान एवं पार्किंग की जगह पर व्यापारियों के द्वारा अपने निजी वाहन खड़ा करते हुए अघोषित पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है।

सड़क पर कब्जा

अतिक्रमणकारी राहगीरों के चलने वाली सड़क को भी कब्जा कर लिए है। नगर के मुख्य मार्गो में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। सड़क किनारे जगह-जगह बड़े दुकान एवं फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क सकरी हो गई है। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी

रहती है। बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं, जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले राहगीरों को फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची होती है।

बीस फिट की सड़क हो जाती है पांच फिट

कहने को तो कोतमा नगर मे बाजार एरिया की सड़क लगभग बीस फिट की है, लेकिन लेकिन जैसे ही दिन के दस बजते-बजते वह सड़क पांच फिट की हो जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि नगर के दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही दुकान सजा लेते हैं। जिसके कारण सड़क सिकुड़ कर सकरी हो जाती है। गांधी चौक से स्टेशन चौक और पुराना अस्पताल रोड से पंचायती मंदिर रोड सब्जी मंडी रोड से पोस्ट ऑफिस सड़क में दुकानदारों के द्वारा मनमाने तरीके से दुकान की सामग्री बाहर लगा कर सड़क को छोटा करते जा रहे हैं जिस पर स्थानीय प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है न ही यातायात विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रहे हैं। कुल मिला कर आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अतिक्रमण से परेशानी

नगर में सड़कों पर अतिक्रमण से समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है । आमजनो को सड़को पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। दुकानों का सामान सड़क पर रखा जा रहा है। नगर में अतिक्रमण की समस्या से सब परेशान हैं। हालत यह हो गई है कि बाजार एरिया में दुकानदारों के द्वारा नाली के ऊपर ही चबूतरा बनाते हुए अतिक्रमण कर लिया गया है।

सड़क तक फ्लैक्स बोर्ड

जिस जगह पर ग्राहको के वाहन खड़े होने चाहिए वहां दुकानदारो ने बड़े बड़े बोर्ड लगा रखे है।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

खबर संक्षेप

अधिकारियों से मिले तहसील इकाई के शिक्षक

तेंदूखेड़ा। विगत दिनों राज्य शिक्षक संघ तहसील इकाई तेंदूखेड़ा के शिक्षक विकास खंड शिक्षा अधिकारी से मिले और डी ए एरियर की राशि का भुगतान तथा कुछ शिक्षक साथियों के क्रमोन्नति एरियर के संबंध में अवगत कराया गया। इसके पूर्व तहसील इकाई के पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी से भी चर्चा कर चूके हैं जिन्होंने शीघ्र ही डी ए एरियर डाले जाने का भरोसा दिलाया है। वहीं एच आर ए भी इसी महीने कार्यवाही की बात कही है।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष पुरुषोत्तम बसेडिया राजेश सेन राजकुमार श्रीवास्तव प्रेमसिंह ठाकुर दिगम्बर सिंह एवं नीरज पटेल प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पंचायत दिवस का हुआ आयोजन, कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन जिला पंचायत नरसिंहपुर के सभाकक्ष में गुरुवार को किया गया। बिहार मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे सभी ने देखा व सुना। इसके उपरांत दो मिनिट का मौन धारण कर पहलगांव घटना में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया ने सभी को राष्ट्रीय पंचायत दिवस की शुभकामनायें देते हुए पंचायतें सशक्त एवं सुचारू रूप से कार्य करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत सशक्तिकरण के लिए विस्तृत रूप बताते हुए ग्राम स्वराज की अवधारणा को विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव, जिला पंचायत कार्यालय के राजेश तिवारी, श्रीमती स्वीटी नामदेव, विपिन लाड सहित सभी अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

आज मनाई जाएगी भगवान सेन जी महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि भगवान सेन जी महाराज की 425 वीं जयंती 25 अप्रैल शुक्रवार को स्थानीय तुलसी मानस भवन सदर मढ़िया प्रांगण मे मनाई जावेगी। आयोजन समीति द्वारा बताया गया कि प्रातः रामधुन मंडल में प्रसादी वितरण 10 बजे हवन - पूजन, आरती तथा दोपहर 12 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं अतिथियों का सम्मान व पुरस्कार वितरण किया जावेगा। उसके उपरांत भव्य प्रसादी वितरण की जावेगी। उक्त जानकारी सेन समाज अध्यक्ष प्रदीप सेन द्वारा दी गई।

संरचनाओं की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार की दिलाई शपथ

झांसी घाट में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जिले में 30 जून तक लगातार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जिले के गोटेगांव विकासखंड के ग्राम झांसी घाट स्थित नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में संभाग समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद रविप्रसाद बर्मन ने भी स्वच्छता में अपनी सहभागिता दी। स्वच्छता अभियान में मप्र जनअभियान परिषद गोटेगांव विकासखंड, परिषद की नवांकुर संस्था अकोला, करकबेल एवं मनकवारा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झांसीघाट के सदस्यों, विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे और अन्य नागरिकों भी शामिल हुए।

दिलाई जल संरक्षण की शपथ

इस दौरान सभी ने एक साथ घाट व उसके आसपास की साफ- सफाई की। उन्होंने अनावश्यक पड़े कचरे को एकत्रित किया और उचित स्थान पर जाकर इन कचरे का निपटान किया। इस मौके पर सभी नागरिकों को नर्मदा नदी जी के घाटों, जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में कार्य करने के लिए जल संरचनाओं का निर्माण और पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार और अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई। संभाग समन्वयक श्री बर्मन ने बताया कि प्रदेश सरकार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। परिषद और उसकी संस्थाओं के माध्यम से अभियान के दौरान जल संरक्षण व संवर्धन के लिए शपथ, संवाद, जल चैपाल, संगोष्ठी, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण और पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई कर उनका जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जायें। जिले में कराये जा रहे इन कार्यों को और गति दी जाये। यह अभियान सभी के लिए है। अभियान में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करें।

चीलाचोन खुर्द में जल चौपाल का आयोजन

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संगोष्ठी, चैपाल, दीवार लेखन, रैली, शपथ आदि के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड नरसिंहपुर की नवांकुर संस्था डोंगरगांव- अंडिया एवं विकास प्रस्फुटन समिति चीलाचैन खुर्द के नेतृत्व में ग्राम चीलाचैन खुर्द में रात्रि चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैपाल कार्यक्रम में जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों और किये जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में संकल्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। बरसात के पूर्व नवीन जल संरचनाओं का निर्माण, पुरानी बावड़ी व कुंओं की साफ- सफाई और उनके जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। आज हम सभी को जल का सदुपयोग करेंगे तो कल वहीं जल हमारे काम आयेगा।

बारिश के पानी का करें संग्रह

हम आंख बंद करके जल का दुरूपयोग करेंगे, तो आने वाले समय में हम सभी को कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। राज्य सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। यह अभियान सरकारी अभियान नहीं है, यह जन- जन का अभियान है। इस अभियान में हम सभी को अपनी स्वेच्छा के साथ शामिल होना चाहिये और अन्य लोगों को भी प्रेरित होकर इसमें शामिल करना चाहिये। उन्होंने कहा कि चीलाचोन खुर्द में भी नवीन जल संरचनाओं का कार्य किया जा सकता है। किसान अपने खेतों में खंती निर्माण कर बरसात का पानी एकत्रित कर सकते हैं। नवीन खेत- तालाब का निर्माण कर सकते हैं। नवीन खेत- तालाब निर्माण करने से किसानों को खेती के अलावा दोगुना मुनाफा होगा। इससे भू- जल स्तर में वृद्धि होगी और खेत में सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। यहां आयोजित रात्रि जल चौपाल में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों, नवांकुर संस्था डोंगरगाँव के पदाधिकारी, अध्यक्ष प्रकाश पटेल व सचिव मनीष रजक सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

धर्म पर चलकर जीवन की हर समस्याओं को सामना करना चाहिएः महाराज श्री

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। हमेशा धर्म कर्म पर चलकर जीवन में हर समस्या का सामना करना चाहिए और सदैव मुस्कुराकर आनंद से जीवन जीना चाहिए। प्रभु श्री राम की भक्ति से जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। उक्त बात बायपास रोड टट्टा पुल के समीप स्थित श्री सिद्ध बाबा झिरना परिसर में 19 अप्रैल से 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ श्री रामकथा, श्री रामलीला एवं विराट संत सम्मेलन में चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास पंडित श्री सुबोधकांत चित्रकूट धाम ने कही। आपने कहा कि भगवान श्री राम का नाम लेने से ही हमें शांति और एक नई ऊर्जा मिलती है। कथा के दौरान महाराज श्री ने अनेक प्रसंगों के माध्यम से भक्ति मार्ग को बताया। वही उक्त स्थल पर श्री राम महायज्ञ के दौरान विभिन्न धार्मिक और अन्य रचनात्मक कार्यक्रम हो

रहे हैं। साथ ही नेत्र शिविर से सैकड़ो ने जांच कराई । सभी को निशुल्क दवा दी गई। साथ ही मोतियाबिंद के रोगियों को शंकराचार्य नेत्रालय परमहंसी आने को कहा गया। वहीं वृंदावन एवं चित्रकूट धाम से देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से रात 10 बजे तक रासलीला की जा रही है। दूसरी ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पर सेवा कार्य में जुटकर अन्न एवं नगद राशि आदि का दान कर रहे हैं। यज्ञ आयोजन समिति ने बताया कि श्री श्री 1008 अनन्त विभूषित राष्ट्रीय संत चित्रकूट धाम सनकादिक महाराज के सानिध्य एवं भगवान श्री सीताराम जी सरकार की अनुकम्पा से 19 अप्रेल से 27 अप्रेल तक 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ श्री रामकथा, श्री रामलीला एवं विराट संत सम्मेलन एवं प्रतिदिन भण्डारा श्री सिद्व बाबा झिरना बायपास पर हो रहा है । इस धार्मिक आयोजन में मन कर्म वचन से अनेक श्रद्वालु जुटे हुए हैं । समिति ने बताया कि बताया कि प्रतिदिन यज्ञ पूजन हवन सुबह 6.30 से दोपहर 12 बजे तक,शाम 4 बजे से श्रीराम कथा व शाम 7.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक एंव 27 अप्रेल को पूर्णाहूति व संत ब्राहण भेंट विदाई कार्यक्रम होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि संत सनकादिक महाराज के सानिध्य में यह यज्ञ हो रहा है। सभी धर्मप्रेमियों से अपील की गई है कि वे यज्ञ में अधिक से अधिक सहयोग कर आयोजन में सहभागी बनें।

युवा सेतु पर व्याख्यानमाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत सप्ताह के अंतर्गत वन एम.पी. वटालियन के कमांडिंग आफीसर कर्नल समीर बोडास के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के निर्देशन पर महाविद्यालय की एन. सी. सी. इकाई द्वारा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर द्वारा बताया गया कि युवा सेतु को मजबूत करने के लिए हमें महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर कार्य करना होगा। जिसमें एन. सी. सी. कैडेट की भूमिका महत्वपूर्ण होगी जैसे कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता मार्गदर्शन सामुदायिक भागीदारी संसाधनों तक पहुंच, इन क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करें। डॉ. आर. बी. सिंह ने कहा कि युवा सेतु कार्यक्रम अंतर्गत सभी एन. सी. सी. कैडेट इसकी भूमिका में आयेगें एवं सम्पूर्ण जिले में लीडरशिप के माध्यम से अपना नाम रोशन करेगें। कैडिट अभिषेक द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार ये वो समय होता है जब हम अपने सपनों को हकीकत में बदलने की क्षमता रखते है। युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है। कैडिट नेहा यादव द्वारा बताया गया कि आज हमें अपने समय और उर्जा को सही दिशा में उपयोग कर अपने अंदर की प्रतिभा को लिखारने की जरूरत है। कैडेट रजनी हरिजन द्वारा बताया गया कि (डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा) सपने वो नहीं जो नींद में देखते है, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार अग्रवाल एवं समस्त एन.सी.सी. कैडेट उपस्थित रहे।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 22 अप्रैल से अपनी मांगो को लेकर हड़ताल की जा रही है। संविदा कर्मियों ने नगरपालिका के पीछे धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की जा रही है। पहलगाम में आतंकी हमले के मृतको को दो मिनिट का मौन धारण करते हुए कर्मचारियों द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए आतंकवादियों पर कार्रवाई की मांग की गई। जिले के करीब 465 से अधिक संविदा कर्मियों के हडताल पर चले जाने से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं लडखडा गई है। आरोग्य मंदिर में गर्भवती महिलाओं व अन्य महिलाओं की जांच नहीं हो पा रही है। जिले की समस्त सीएचओ हड़ताल पर है। संविदा एएनएम वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र में टीकाकरण व अन्य सेवाएं प्रभावित हो गई है। मैनेजमेंट स्टाफ के हड़ताल में चले जाने से समस्त रिपोर्टिंग ठप्प हो गई है। एनएचएम से मिलने वाली सेवाएं पूरी तरह से ठप्प हो गई है। पहलगाम में आतंकी हमले में मृत हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने दो मिनिट का मौन रखा गया तथा उनकी आत्मा की शांति हेतु सुन्दरकांड पाठ का आयोजन मानस नवयुवा रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी पंडाल में किया गया साथ ही सरकार से मांग रखी गई है कि आतंकवादियों के खिलाफ कडा प्रहार किया जाये जिससे इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। जिलाध्यक्ष अरविंद खरे ने बताया कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। धरना स्थल पर ब्लाक से आये कर्मचारी बडी संख्या में मौजूद रहे।

आधार अपडेट और बनवाने लग रही लंबी-लंबी कतारें

तेंदूखेड़ा। विभिन्न शासकीय योजनाओं में आधार कार्ड को मुख्य रुप से जोड़ा जा रहा है।जिसे देखते हितग्राही आधार कार्ड की अनिवार्यता के चलते बनवाने से लेकर अपडेट करवाने सुधार करवाने के लिए हैरान परेशान देखे जा रहे हैं।जिसकी मुख्य बजह तहसील मुख्यालय पर केवल एक ही आधार सेंटर है।जो कि जनसंख्या की दृष्टि और एक सैकड़ा ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या के मान से ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

तहसील मुख्यालय में पहले कभी तीन केंद्र चला करते थे लेकिन अब दो केंद्र बंद हो जाने से केवल लोक सेवा गारंटी केन्द्र में ही यह व्यवस्था है। जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राही सुबह से लेकर शाम तक बैठे हुए देखे जा सकते हैं। इनमें भी 60 से 70 आधार कार्ड से संबंधित कार्य हो पाते हैं शेष लोग या तो मायूस होकर लौट जाते हैं या फिर दूसरे दिन फिर से भटका करते हैं। चिलचिलाती धूप भीषण गर्मी के बीच छोटे छोटे बच्चों के साथ पालकों को आना जाना काफी कष्टप्रद बना हुआ है। हितग्राहियों का कहना है कि जरुरत और तहसील मुख्यालय के हिसाब से कम से कम दो केंद्र संचालित होने चाहिए जिससे लोगों को परेशानी ना हो। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड चांवरपाठा मुख्यालय पर शिक्षा विभाग के द्वारा दो आधार मशीनें रखवा ली है और दो आपरेटर मशीन चला रहें हैं। चूंकि विकास खंड मुख्यालय पर इतना काम भी नहीं है और ना ही हितग्राहियों को आधार कार्ड केंद्र की कोई जानकारी है। जानकारी के अभाव में लोग भटकते हैं। चूंकि तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में ही दो आधार मशीनें रखने की मांग जरूरत मंद लोगों द्वारा की जा रही है।

शिक्षिका के निधन पर दी श्रद्धांजलि

तेंदूखेड़ा। विगत दिनो बरमान से चांवरपाठा होकर ग्राम गंगई माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाने जा रही शिक्षिका श्रीमति दुर्गा ठाकुर का एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया था और उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका जबलपुर में इलाज चल रहा है। शिक्षिका दुर्गा ठाकुर की एक छोटी सी बेटी है। विगत दिवस राज्य अध्यापक संघ ईकाई तेंदूखेडा के सभी शिक्षकों ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर अपनी अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की जिसमें अध्यक्ष पुरूषोत्तम बसेड़िया राजकुमार श्रीवास्तव दिगम्बर सिंह प्रेमसिंह ठाकुर नीरज पटेल कमलेश त्रिपाठी मुन्नालाल पटेल प्रकाश ठाकुर रोहित अग्रवाल राजाराम पटेल काशीराम पटेल श्यामलाल मेहरा श्रीमती रंजना ऊषा पटेल सुकुमारी मिश्रा प्रमुख रुप से शामिल रहे।

खबर के बाद जागा लोक निर्माण विभाग

दरारों को मिट्टी डालकर भरा जा रहा

तेंदूखेड़ा । विगत 4 वर्ष पूर्व तेंदूखेड़ा डोभी बरमान सड़क का निर्माण लगभग 33 करोड़ की लागत से संबंधित ठेकेदार द्वारा किया गया था। जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की थी किंतु लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण उक्त सड़क मार्ग पर बीचो-बीच लगभग आधा फुट से 1 फुट की दरारें आ गई हैं। परिणाम स्वरूप दो पहिया वाहन चालकों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कभी भी उक्त दरारें बड़ी दुर्घटना घटित कर सकती हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र वासियों द्वारा निर्माण के दौरान ठेकेदार से सहानुभूति पूर्वक कहा भी गया था कि बड़ी मुश्किल से सड़क का निर्माण हो रहा है इसे गुणबत्ता पूर्ण मार्ग का निर्माण करें। लेकिन हीला हवाली के चलते गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण किया गया है। दरारों के अलावा जगह जगह से रोड के बीचों बीच से भी दरारें दिखने लगी है। जो इस बात का अंदेशा दे रही हैं की मार्ग का निर्माण कितनी गुणवत्ता हीन तरीके से किया गया है। 24 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों साइड की पटलियो पर भी गाजर घास व झाड़ियां हो गई है जिससे पटलिया दिखाई नहीं देती। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जगह-जगह मार्ग में गड्ढे निकल आए हैं। जिससे आगे चल कर और क्षतिग्रस्त होता चला जाएगा।इस विषय को लेकर विगत दिनों समाचार पत्रों के माध्यम से ख़बर प्रकाशित की गई थी। इसके पूर्व लोनिवि द्वारा डामर डालकर भ्रष्टाचार छिपाने की कोशिश की थी लेकिन जब बात नहीं बनी तो अब मिट्टी डालकर दरारें भरी जा रही है लेकिन यह दरारें कब तक भरी रहेंगी और जहां तहां से सड़क दरक रही है वहां पर विभाग क्या व्यवस्था करेगा यह कहा नहीं जा सकता।इस विषय को लेकर जब हमारे प्रतिनिधि के द्वारा लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से फोन करके जानकारी चाही गई लेकिन उनके द्वारा फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।